Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2023– 1671 दिनांक : 02 नवम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त अनुदानित/राजकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध–प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषयः NEP-2020 के शैक्षिक सत्र 2021–22 के वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक पाठ्यक्रम (बी0ए0, बी0एस–सी0 व बी0काम0) के प्रथम वर्ष के बैक पेपर हेतु अर्ह पंजीकृत परीक्षार्थियों की परीक्षायें सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 01 नवम्बर, 2023 को परीक्षा समिति की सम्पन्न बैठक में लिए गये निर्णय के क्रम में अवगत करना है कि NEP-2020 के शैक्षिक सत्र 2021–22 के वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक पाठ्यक्रम (बी0ए0, बी0एस–सी0 व बी0काम0) के प्रथम वर्ष के बैक पेपर हेतु अर्ह पंजीकृत परीक्षार्थियों की परीक्षायें सत्र 2023–24 की विषम सेमेस्टर की दिनांक 28 नवंबर, 2023 से प्रारम्भ होने वाली मुख्य परीक्षाओं से पूर्व दिनांक 25 व 26 नवम्बर, 2023 को समस्त सम्बन्धित जनपद मुख्यालय के अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय को एक परीक्षा केन्द्र बनाकर सम्पन्न कराया जाना है। उक्त के क्रम में यह भी सूच्य है कि Co-Curricular प्रश्न पत्र की परीक्षा मुख्य परीक्षाओं के साथ सम्पन्न करायी जायेंगी।

अतएव अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अपने महाविद्यालय के अर्ह पंजीकृत बैक पेपर के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें। परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र की सूची तथा परीक्षा समय–सारणी पृथक से यथासमय प्रेषित की जायेगी।

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner